आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री को मिले उपहारों की ई–नीलामी का आठवां चरण 31 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है।
2. वन्यजीव सप्ताह के सिलसिले में आज सुबह साढ़े सात बजे से वन्यजीव जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है।
3. पटाखों की खुदरा बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस आवेदन जमा करने हेतु ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल 12 अक्तूबर तक खुला रहेगा।
4. नशा मुक्त युवा – हेल्थ वॉक के मद्देनजर कल मरीना पार्क से नेताजी स्टेडियम तक का मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए प्रतिबंधित रहेगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री को मिले उपहारों की ई–नीलामी का आठवां चरण 31 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है। संस्कृति मंत्रालय ने बताया कि इस चरण में दिल्ली के विभिन्न पहलुओं को दिखाने वाली 30 यादगार स्मृति–चिह्न शामिल हैं। इन 30 स्मृति–चिह्नों में 9 फोटो फ्रेम, 9 यादगार वस्तुएं और 6 मूर्तियां तथा प्रतिमाएं शामिल हैं। इस संग्रह में दिल्ली मेट्रो के दो मॉडल, खेल से जुड़ी यादगार वस्तु, धार्मिक वस्तुएं, एक पेंटिंग, कलाकृतियां और हस्तशिल्प की वस्तुएं भी शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि नीलामी से मिलने वाली राशि 'नमामि गंगे प्रोजेक्ट' में जाएगी। नीलामी की तिथियों, इसमें शामिल होने की जानकारी और पूरी कैटलॉग के लिए, प्रधानमंत्री यादगार वस्तु ई–नीलामी पोर्टल: pmmementos.gov.in देखें।

<><><><><><><><>

वन्यजीव सप्ताह के सिलसिले में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण और द्वीप जैव विविधता पर स्थित EIACP केंद्र वन्यजीव सप्ताह समारोह के हिस्से के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है, जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता, वृक्षारोपण अभियान, वन्यजीव जागरूकता रैलियां और विभिन्न स्कूलों में वन्यजीव संरक्षण पर व्याख्यान सत्र शामिल हैं। इसी उपलक्ष्य में, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, क्षेत्रीय केंद्र का द्वीप जैव विविधता पर पर्यावरण सूचना, जागरूकता, क्षमता निर्माण और आजीविका कार्यक्रम वन्यजीवों से जुड़े संदेशों का प्रसार करने के लिए वन्यजीव जागरूकता रैली का आयोजन कर रहा है। ये रैली आज सुबह 07:30 बजे सेलुलर जेल से आरंभ होकर भारतीय प्राणी सर्वेक्षण में सम्पन्न होगी।

<><><><><><><><>

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड–सीबीडीटी ने आकलन वर्ष 2026–27 के लिए ऑडिट के दायरे में आने वाले करदाताओं के आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब आयकर रिटर्न 31 अक्टूबर के बजाय 21 नवंबर तक दाखिल किए जा सकेंगे। साथ ही, टैक्स ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तारीख भी 30 सितंबर से बढ़ाकर 21 अक्टूबर कर दी गई है।

<><><><><><><><>

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज गोयल ने बताया कि नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी भवन सहित पूरे देश में विशेष छूट अभियान शुरू किया गया है। यह छूट 16 नवंबर तक उपलब्ध रहेगी। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने बताया कि इस अवधि के दौरान खादी उत्पादों पर 20 प्रतिशत तक और ग्राम उद्योग उत्पादों पर 10 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

<><><><><><><><>

भारत सरकार ने पात्र किसान परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए वर्ष 2018–19 में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' शुरू की थी। इस योजना के तहत पात्र किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रूपये की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। योजना को अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए अनिवार्य आवश्यकताएं लागू की गई हैं। इसी के

मद्देनजर, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाकर इन लंबित आवश्यकताओं को पूरा कराने का अवसर प्रदान किया है, ताकि लाभार्थियों का एक सटीक और सत्यापित डेटाबेस तैयार किया जा सके। मंत्रालय ने ऐसे सभी पीएम–किसान लाभार्थी जिन्होंने अभी तक भूमि विवरण, ई–केवाईसी या बैंक खाते का आधार सीडिंग पूरा नहीं कराया है, उनसे इस विशेष अभियान के दौरान इसे अनिवार्य रूप से पूरा करने की अपील की है। विशेष अभियान समाप्त होने के बाद भी जिन किसानों की अनिवार्य आवश्यकताएं लंबित रहेंगी, उन्हें योजना के तहत निर्धारित आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से नए सिरे से आवेदन कर सभी अनिवार्य सत्यापन पूरे करने होंगे। अधिक जानकारी के लिए लाभार्थी संबंधित जोनल कृषि कार्यालय या नजदीकी कृषि उप–डिपो से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दिवाली के दौरान आतिशबाजी और पटाखों की खुदरा बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी करने के लिए आवेदन जमा करने हेतु अंडमान एवं निकोबार प्रशासन का ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल खुला रहेगा। इच्छुक व्यक्ति 12 अक्तूबर तक ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अस्थायी लाइसेंस प्रदान करना निर्धारित लाइसेंसिंग, साइट, अग्निशमन सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा और अन्य लागू वैधानिक आवश्यकताओं की पूर्ति तथा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन होगा।

<><><><><><><>

नशा मुक्त युवा – हेल्थ वॉक के सुचारू संचालन के लिए कल सवेरे 5:30 बजे से सवेरे 8:30 बजे तक मरीना पार्क गेट, फ्लैग पॉइंट, आर.के. मिशन, नेताजी स्टेडियम तक का मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए प्रतिबंधित रहेगा। यातायात पुलिस ने इस दौरान आम जनता से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है।

<><><><><><><>

राज्य परिवहन सेवा की ओर से आम जनता और पर्यटकों की सुविधा के लिए श्री विजयपुरम से मिडिल स्ट्रेट तक दैनिक एसी डीलक्स बस सेवा का संचालन किया जा रहा है। यह बस सेवा श्री विजयपुरम से सुबह 4 बजे रवाना होती है और लगभग सुबह साढ़े सात बजे मिडिल स्ट्रेट पहुंचती है। अपनी वापसी यात्रा मे यह बस मिडिल स्ट्रेट से श्रीविजयापुरम के लिए दोपहर बाद 3 बजे प्रस्थान करती है। यात्री एटीआर टिकटिंग के एटीएस पोर्टल के माध्यम से यात्रा की तिथि से 10 दिन पूर्व तक अग्रिम टिकट बुकिंग की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय ने रेज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस– RAMP पर्यटन हस्तक्षेप, 2026–27 के अंतर्गत युवाओं के लिए दो विशेष कौशल विकास कार्यक्रमों हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसमें भोजन बनाने की कला, उसकी प्रस्तुति और स्वच्छता के अलावा फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं ड्रोन इमेजिंग प्रशिक्षण शामिल है। इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र पांच अक्तूबर शाम तीन बजे तक योजना अनुभाग में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में गणित विषय के द्विवर्षीय बी.एड. डिग्री पाठ्यक्रम में एक रिक्त पड़ी सीट पर प्रवेश के लिए परामर्श लिया जाएगा। परामर्श आज सुबह साढ़े नौ बजे कॉलेज में रखा गया है। इच्छुक उम्मीदवारों से निर्धारित समय पर अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

निकोबार जिले की जिला कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के अंतर्गत ब्लॉक टेक्नोलॉटी मैनेजर और अस्सिटेंट टेक्नोलॉटी मैनेजर के संविदा पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे परका स्थित सहायक निदेशक कृषि कार्यालय में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के साथ–साथ तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता के. कामराज की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष रंगलाल हलधर और जी. भास्कर ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समारोह के दौरान नेताओं ने सभी के प्रति अपने विचार रख राष्ट्र निर्माण में दिए गए उल्लेखनीय योगदान को याद किया।

<><><><><><><>